दिल्ली विकास प्राधिकरण

(मुख्य योजना अनुभाग)

सार्वजनिक सूचना

दिल्ली विकास प्राधिकरण/केंद्र सरकार का दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 11क के अंतर्गत दिल्ली मुख्य योजना–2021/जोन 'एफ' की क्षेत्रीय विकास योजना में निम्नलिखित संशोधन करने का प्रस्ताव है, जिसे जनता की जानकारी के लिए एतद्‌वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तावित संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो/कोई सुझाव देना हो, तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **तीस [30] दिन** की अवधि के अंदर आयुक्त एवं सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण, 'बी' ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली–110023 को लिखित रूप में **अथवा** ई–मेल द्वारा **mpd2021.public@dda.org.in** पर भेज सकते हैं। आपत्ति करने अथवा सुझाव देने वाले व्यक्ति अपना नाम, पता और टेलीफोन नंबर/संपर्क नंबर/ई–मेल आई डी भी दें, जो पठनीय हो।

संशोधन

योजना जोन– 'एफ' में आने वाले तेहखण्ड में 9.0 एकड़ और 1.99 एकड़ के दोनों क्षेत्रों के संबंध में भूमि उपयोग के 'मनोरंजनात्मक' से 'उपयोगिता (यू 4)' में परिवर्तन का निम्नलिखित विवरणों सहित प्रस्ताव किया है :

अवस्थिति	क्षेत्रफल	दिल्ली मुख्य योजना–2021/जोन 'एफ' की क्षेत्रीय विकास योजना के अनुसार विद्यमान भूमि उपयोग	प्रस्तावित भूमि उपयोग	स्थल/क्षेत्र की सीमाएँ
तेहखण्ड जोन–एफ स्थित एक भू–खण्ड के भूमि उपयोग में प्रस्तावित परिवर्तन	**9.00 एकड़** (सी एवं डी अपशिष्ट संयंत्र के लिए)	**मनोरंजनात्मक**	**उपयोगिता (यू 4)**	**उत्तर** : वेस्ट टू एनर्जी प्लांट **दक्षिण** : प्रस्तावित मनोरंजनात्मक उपयोग (सिटी पार्क/जिला पार्क/सामुदायिक पार्क) **पूर्व** : प्रस्तावित मनोरंजनात्मक उपयोग (सिटी पार्क/जिला पार्क/सामुदायिक पार्क) **पश्चिम** : 45 मीटर चौड़ी सड़क (माँ आनंदमयी मार्ग)
तेहखण्ड जोन–एफ स्थित एक भू–खण्ड के भूमि उपयोग में प्रस्तावित परिवर्तन	**1.99 एकड़** (निष्क्रिय की डंपिंग के लिए)	**मनोरंजनात्मक**	**उपयोगिता (यू 4)**	**उत्तर** : तेहखण्ड डी.टी.सी. डिपो **दक्षिण** : विद्यमान सड़क (रेलवे कॉलोनी, इंलैण्ड कंटेनर डिपो, तुगलकाबाद की ओर) **पूर्व** : ओखला लैण्ड फिल साइट **पश्चिम** : 45 मीटर चौड़ी सड़क (माँ आनंदमयी मार्ग)

प्रस्तावित संशोधन को दर्शाने वाला पाठ/नक्शा निरीक्षण के लिए उपर्युक्त अवधि के दौरान सभी कार्य–दिवसों में उप निदेशक, मुख्य योजना अनुभाग कार्यालय, दिल्ली विकास प्राधिकरण, छठी मंजिल, विकास मीनार, आई.पी.एस्टेट, नई दिल्ली–110002 में उपलब्ध रहेगा। प्रस्तावित संशोधनों को दर्शाने वाला पाठ/योजना निम्नलिखित लिंक अर्थात् **https://dda.org.in/ddaweb/MPD2021.aspx** पर भी उपलब्ध है।

एफ.3(60)/2005–एमपी/पीटी.

हस्ता/–

(डी. सरकार)

आयुक्त एवं सचिव

दिल्ली विकास प्राधिकरण

दिनांक : 05.03.2021

स्थान : नई दिल्ली

कृपया Google play के DDA ऐप्स पर अपना फीडबैक दें।

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट 'www.dda.org.in' देखें अथवा टोल फ्री नं. 1800110332 डायल करें!